# अध्यक्षा की कलम से ...



भोज ज्योति क्षत्रिय पवार समाज भोपाल की अपनी सामाजिक पत्रिका है। इसके संस्थापक क्षत्रिय पवार समाज भोपाल के वर्तमान संरक्षक श्री वासुदेव जी भादे  एवं श्रीमती कल्पना भादे हैं। साहित्य समाज का दर्पण होता है समाज की पत्रिका के माध्यम से हमें अपने स्थानीय समाज, सामाजिक गतिविधियों और अपने सामाजिक उन्नति के लिए किए जाने वाले कार्यों के विषय में जानकारी मिलती हैं। भोजपत्रिका का प्रथम अंक सन 1998 में प्रकाशित हुआ था तब से इसकी यात्रा चल रही है। भोजपत्रिका का यह 13 वां अंक है। भोजपत्रिका की यात्रा के विषय में जानकारी इसी अंक में दी गई है । उसे अवश्य पढ़ें।

राष्ट्रीय क्षत्रिय पवार समाज भोपाल उन्नति के पथ पर अग्रसर है। हमारे लिए बड़े सौभाग्य की और गौरव की बात है कि वर्तमान में हमारी अपनी भूमि है ,राजा भोज वाग्देवी  मंदिर निर्माण का कार्य प्रारंभ हो चुका है। हमारा अपना कार्यालय हमारी अपनी भूमि पर हमारा अपना प्रांगण, हमारा अपना मंच है ,जहां एकत्र होकर हम अपना वार्षिक सम्मेलन और वर्ष भर की विभिन्न गतिविधियां स्वतंत्रता से कर सकते हैं। यह क्षत्रीय पवार समाज भोपाल एवं क्षेत्रीय पवार समाज भोपाल संगठन की कार्यकारिणी के अथक परिश्रम, सोच ,दृढ़  इच्छा शक्ति का ही परिणाम है। इसके लिए क्षत्रिय पवार समाज भोपाल स्व. श्री नाथू जी भादे, स्व. श्री नत्थू जी ठवरे, स्व. श्री महादेव राव जी देशमुख जिन्होंने क्षत्रिय पवार समाज संगठन की परिकल्पना की थी और भोपाल में उसकी नींव डाली ,उनके और उनके बाद क्षत्रिय पवार समाज भोपाल के जितने भी अध्यक्ष,  पदाधिकारी गण, संरक्षक जिन्होंने क्षत्रीय पवार समाज भोपाल संगठन के

**नव वर्ष 2025 की हार्दिक अनंत असीम शुभकामनाएं!**

**डॉ. हेमलता डहारे**
**अध्यक्षा**
**माँ वाग्देवी वाहिनी महिला संगठन, भोपाल**